मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 25/01/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -348/2025
25 जनवरी 2025
राजभवन, दुमका
=================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आम जनमानस की समस्याओं के समाधान हेतु हमारी सरकार पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। वर्तमान समय में राज्य की आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए उन्हें मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के साथ-साथ सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने जनता से जो वादे किए, उन सभी को पूरा करते हुए राज्य को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज राजभवन, दुमका में लोगों से संवाद करते हुए कही। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने पहुंचे लोगों ने राज्य सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों और गतिविधियों की प्रशंसा की।

मौके पर लोगों ने अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का यथोचित और शीघ्र निष्पादन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आम लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

=============

#TeamPRD(CMO)